Continental Chemicals Ltd
Regd. & Head Office : A-7, Sector-7, Noida-201301 (U.P.) India
Tel. : 91-120-2423316
Fax : 91-120-2423316
E-mail : info@continentalsoft.com
: nkc@continentalsoft.com
Web : www.continentalchemicalsltd.com
CIN : L24123UP1984PLC014111

**Date: 22.05.2022**

To
The General Manager
Bombay Stock Exchange & Listing
Corporate Relationship Department,
1st Floor, New Trading Ring,
Rotunda Building PJ Tower,
Dalal Street, Fort
Mumbai-400001
**Scrip code – 506935**

**Subject: Newspaper Copy for Audited Financial Results (Reg. 47 of SEBI (LODR) Regulations, 2015:**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Reg. 47 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, please find attached herewith advertisement of Audited Financial Results for 04th Quarter and year ended on 31st March, 2022 as published in newspapers.

Please take the same in your records.

Thanking you,

**Yours Faithfully,**

For **Continental ChemicalsLimited**
Sakshi Dhawan
**Sakshi Dhawan**
**Company Secretary**
**Membership Number: ACS 033279**

CONTINENTAL CHEMICALS LIMITED NOIDA

Encl: Copy published notice in Hindi and English Newspaper

# यूपी सरकार स्थापित करेगी इमरजेंसी ट्रॉमा केयर नेटवर्क

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● यूपी लाइव इमरजेंसी मॉनीटरिंग सिस्टम चलाने वाला देश का पहला राज्य

**उत्तर** प्रदेश में जल्द ही एक आपातकालीन ट्रॉमा केयर नेटवर्क तैयार हो जायेगा। इस दिशा में अगले दो वर्षों में एक मोबाइल ऐप और कॉल सेंटर बनने के अलावा अगले पांच साल में (एडवांस लाइफसपोर्ट) एम्बुलेंस दोगुनी हो जायेंगी, 3,000 स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना के साथ-साथ लेवल-दो के 33 और लेवल-एक के 14 ट्रॉमा सेंटर स्थापित किए जाएंगे। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले साल सड़क हादसों में कम से कम 21,227 लोगों की मृत्यु हुई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में मौतों की संख्या पर गंभीर चिंता व्यक्त की और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कई उपायों की घोषणा की, जिसमें यातायात नियमों -विनियमों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें लागू करना, राजमार्गों पर भी चौबीसों घंटे गश्त करना शामिल है।

गौरतलब है कि यूपी देश का पहला ऐसा राज्य है जहां लाइव इमरजेंसी मॉनिटरिंग सिस्टम चलाया जा रहा है। यह प्रतिदिन 40,000 कॉल प्राप्त करता है और सालाना तीन लाख रोगियों को अपनी सेवाएं प्रदान करता है। उत्तर प्रदेश सरकार की अगले कुछ वर्षों में राज्य के 33 मेडिकल कॉलेजों में ई-हॉस्पिटल सुविधाएं स्थापित करने की भी योजना है। ई-अस्पताल ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुकिंग, ऑनलाइन लैब रिपोर्ट और रक्त उपलब्धता जैसी नागरिक सेवाओं के लिए ऑनलाइन रोगी पोर्टल प्रदान करते हैं। सरकार अगले पांच वर्षों में स्वास्थ्य शिक्षा क्षेत्र में एक लाख लोगों को रोजगार देना चाहती है। सरकार नर्सिंग और पैरामेडिकल सीटों की कुल संख्या को क्रमश: 14500 और 3600 तक बढ़ा रही है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र के अनुसार, सरकार राज्य के हर जिले में मेडिकल कॉलेज के साथ -साथ दवाओं और स्वास्थ्य व शल्य चिकित्सा उपकरणों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 30,000 करोड़ रुपये की लागत से छह मेगा हेल्थ पार्क स्थापित करेगी।

## करखियांव एग्रो इंडस्ट्री से उद्यमियों के पलायन की खबरों का मंत्री नंदी ने लिया संज्ञान

**लखनऊ।** वाराणसी के करखियांव एग्रो इंडस्ट्री से उद्यमियों के पलायन की खबरें सम्मानित समाचार-पत्रों में प्रकाशित होने के बाद मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने इस संबंध में यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी से पत्रावली तलब किया है। सीईओ को भेजे गए पत्र में पूछा गया है कि आखिर समाचार पत्रों में छपी इन खबरों की सच्चाई क्या है। क्या वाकई में एग्रो इंडस्ट्री से उद्यमियों का पलायन हो रहा है। अगर उत्पीड़न की वजह से उद्यमियों का पलायन हो रहा है तो इसके लिए दोषी कौन है और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई। समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों में लिखा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने से रातों-रात सजने संवरने वाला करखियांव स्थित एग्रो पार्क, अधिकारियों के उत्पीड़न की कार्रवाई के चलते, फिर से उजड़े चमन की ओर अग्रसर है। जहां करीब आधा दर्जन फैक्ट्रियां बंदी के कगार पर पहुंच गई हैं। दो फैक्ट्रियों में ताले भी लग चुके हैं। जिसमें बिस्कुट, नमकीन व पशु चारा की फैक्ट्री है। इसके अलावा करीब आठ इंडस्ट्री ऐसे हैं जो विभागीय अफसरों की वजह से अंतिम सांसे गिन रहे हैं। इसका कारण यूपीएसआईडीसी व यूपीसीडा विभाग द्वारा किया जा रहा उत्पीड़न बताया जा रहा है। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र से सटा करखियांव एग्रो इंडस्ट्री आदर्श इंडस्ट्री के नाम से जाना जाता है।

## किसी भी योजना में ओवर लैपिंग या डुप्लीकेसी न होने पाए: केशव

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी योजना में ओवर लैपिंग या डुप्लीकेसी न होने पाए। केशव प्रसाद मौर्य ने ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रेरणा ओजस व बलिनी योजना की सराहना करते सभी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु समय सारिणी बनाकर कार्यशालाएं आयोजित की जाए। केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को गन्ना संस्थान सभागार में ग्रामीण आजीविका मिशन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे।

समीक्षा बैठक में 'प्रेरणा ओजस' योजना की जानकारी देते हुए बताया गया प्रेरणा ओजस कंपनी द्वारा सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूलों के विद्यार्थियों को सोलर लैंप उपलब्ध कराए गए हैं। 2225 सोलर समूह सदस्यों को सोलर लैंप असेंबली हेतु प्रशिक्षित किया गया और तकनीकी प्रशिक्षण उपरांत बहुत बड़ी तादाद में सोलर लैंप असेम्बल किये गये। सोलर लैंप असेंम्बल के सापेक्ष 12 रुपए प्रति लैम्प समूह सदस्यों को प्रदान किया गया। इस तरह से प्रति समूह सदस्य द्वारा 6500 से 7500 रुपए मासिक मानदेय प्राप्त किया गया। अध्यापकों के साथ समन्वय कर प्रचार-प्रसार करते हुते लगभग 28 लाख सोलर लैंप की उपलब्धता विद्यार्थियों को सुनिश्चित की गई।

## सीएम योगी को हरि ओम शर्मा ने भेंट की अपनी पुस्तक



**लखनऊ।** प्रख्यात साहित्यकार पं. हरि ओम शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात कर अपनी सर्वप्रथम प्रकाशित पुस्तक 'जागो, उठो, चलो' भेंट की। पं. शर्मा की यह पुस्तक सिर्फ भारत में ही नहीं अपितु नेपाल, श्रीलंका व मॉरीशस में भी अत्यन्त लोकप्रिय है। इस अवसर पर पुस्तक का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने पुस्तक 'जागो, उठो, चलो' की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे समाज के प्रत्येक नागरिक के लिए उपयोगी बताया। पं. हरि ओम शर्मा अभी तक 19 पुस्तकें लिख चुके हैं और यह उनकी सर्वप्रथम लिखी पुस्तक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात का जिक्र करते हुए पं. शर्मा ने कहा कि यह मुलाकात एक यादगार लम्हा है जो उन्हें सदैव याद रहेगी।

## अमेरिका के तीन विवि ने दिया सीएमएस छात्र को उच्चशिक्षा का आफर



**लखनऊ।** अमेरिका के तीन प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों ने सीएमएस अलीगंज (प्रथम कैम्पस) के छात्र शाश्वत सिंह को उच्चशिक्षा की पढ़ाई के लिए ऑफर दिया है। इन तीन विश्वविद्यालयों में अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ यूटाह, यूनिवर्सिटी ऑफ कंसास एवं यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ कैरोलीना शामिल है। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि शाश्वत ने इस सफलता का सम्पूर्ण श्रेय सी.एम.एस. के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गांधी ने इस प्रतिभाशाली छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सामाजिक संस्था बहुजन भारत ने की प्रो.रतनलाल की गिरफ्तारी की निंदा

**लखनऊ।** काशी के ज्ञानवापी परिसर में मिले शिवलिंग को लेकर सोशल मीडिया पर विवादित बयान देने वाले दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रतनलाल को की गिरफ्तारी की सामाजिक संस्था बहुजन भारत ने निंदा की है। संस्था के अध्यक्ष कुंवर फतेह बहादुर ने कहा कि प्रो. रतनलाल की गिरफ्तारी संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ है। सरकार को संविधान के मुताबिक डीयू के प्रो. के विरुद्ध कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकारें दलित व्यक्ति के खिलाफ किसी भी तरह की कोई भी संविधान विरुद्ध शिकायत पर कार्रवाई कर रहीं हैं जबकि दलित समाज के विरुद्ध अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी करने वालों पर एफआईआर दर्ज होने के बाद भी उनके खिलाफ पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि लखनऊ जिले के तहसील मोहनलालगंज के तहसीलदार निखिल शुक्ल ने दलितों के खिलाफ अभद्र और अपमानजनक टिप्पणी की और उनके खिलाफ लगभग एक महीने के प्रयास के बाद दलित निवारण अत्याचार अधिनियम के खिलाफ मुक़दमा भी दर्ज हुआ।

## बारात आए तीन भाईयों को पीटा, पुलिस ने दर्ज की एनसीआर

**मोहनलालगंज।** नगराम के रसूलपुर से मोहनलालगंज के मानखेड़ा बारात में आए तीन सगे भाइयों को रंजिशन कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। पुलिस ने पूरे मामले में मामूली धाराओं में मामला दर्ज किया है। नगराम के रसूलपुर में रहने वाले सगे भाई सोनू मोनू व सुनील चचेरे भाई की बारात में शामिल होने मोहनलालगंज के मानखेड़ा आए थे। सोनू ने बताया कि रंजिशन मोहनलालगंज के रानीखेड़ा में रहने वाले कुछ लोग तीन बाइकों से बारात में पहुंच गए। वह लोग किसी पक्ष से आमंत्रित भी नही थे। उन लोगों ने उन तीनों भाइयों पर हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप था पुलिस ने पूरे मामले में मामूली धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## राजीव गांधी ने 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए देश को तैयार किया: कांग्रेस

**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आज पूरे उत्तर प्रदेश में कांग्रेसजनों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्हे युगदृष्टा और भारत में संचार क्रांति का जनक बताते हुए कांग्रेस ने कहा कि उन्होंने देश को इक्कीसवीं सदी के भारत का सपना दिया और राष्ट्रीय एकता के लिए जीवन कुर्बान कर दिया। लखनऊ में कालिदास मार्ग और मॉल एवेन्यू चौराहों पर स्व राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के लिए आज सुबह भारी संख्या में कांग्रेस जन जुटे। इसके बाद पार्टी मुख्यालय स्थित राजीव गांधी सभागार में हुई गोष्ठी में वक्ताओं ने उनकी कुर्बानी को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि संजय गांधी के निधन के बाद उत्पन्न हुई विशेष परिस्थिति में राजीव गांधी राजनीति में आये और अपने सौम्य व्यवहार व कुशल नेतृत्व की वजह से जल्दी ही राजनीतिक क्षितिज पर छा गये। इंदिरा गांधी की शहादत के बाद उन्होंने बतौर प्रधानमंत्री देश की बागडोर संभाली और देश को इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार करने में जुट गये। उन्होंने सबसे पहले कंप्यूटर के महत्व से देशवासियों को परिचित कराया। देश में संचार क्रांति की आधारशिला रखी, जो शुरुआती पीसीओ बूथ से चलते हुए आज हर हाथ में मोबाइल तक पहुंची। उन्होंने नवोदय विद्यालयों की कल्पना की जो राष्ट्रीय एकता के लिहाज से एक महत्वपूर्ण पहल थी।

## आंख जांच और चश्मा वितरण शिविर का आयोजन



**लखनऊ।** शनिवार को सामाजिक संस्था दिशा फॉउंडेशन लखनऊ द्वारा पूर्व निर्धारित ट्रक ड्राइवर्स की नि:शुल्क आंख जांच के और चश्मा वितरण और जागरूकता कार्यक्रम के एक सप्ताह के शिविर प्रथम दिन का आयोजन आंख के डॉक्टर और उनके सहयोगी प्रशिक्षित समूह तथा संस्था की कार्यक्रम संयोजिका अनुपमा त्रिपाठी और सहयोगी सामजिक कार्यकर्ताओ साहनी, देवी प्रसाद गुप्ता, राजा व आदित्य साहनी व संस्था संस्था की अध्यक्षा श्रीमती वंदना शुक्ल व सचिव श्री रमेश कुमार पाण्डेय द्वारा पूर्व नियत स्थान लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (25) को लखनऊ रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग 24-बी को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ढावा- अन्नपूर्णेश्वरी (बंगाली ढाबा) बहादुर खेड़ा(जैती खेड़ा), मोहन लाल गंज, (मोहनलाल गंज कानपुर रोड पर ) लखनऊ उत्तर प्रदेश-227305 पर दिनांक 21-05-2022 10 बजे से करते हुए शाम 5 बजे तक दिन भर कार्य जाँच और चश्मा वितरण का कार्य किया गया प्रथम दिन लगभग 81 ड्राइवर्स की आँख जाँच का कार्य किया गया और जिसमे 77 लोगो को चश्मे की आवश्यकता महसूस हुयी और उनकी चश्मे भी प्रदान किये गए कार्यक्रम का कार्यक्रम का सञ्चालन नियमानुसार किया गया और ड्राइवर्स को आंख की रख रखाव व सुरक्षा के उपाय भी बताये गए और ड्राइवर ने शिविर में बढ़ चढ़कर भाग लिया ।

## सरकार ने गरीबों को राशन न देने की मंशा से जानबूझकर बनाए ऐसे नियम: संजय सिंह

**लखनऊ।** आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि यूपी सरकार की ओर से जारी नियमों के तहत, जिनके खुद के नाम पर जमीन नहीं होगी, पक्का मकान नहीं होगा, भैंस, बैल, ट्रेक्टर-ट्राली नहीं होगी, वो ही राशन कार्ड के लिए पात्र होंगे। जो व्यक्ति मुर्गी-पालन और गौ-पालन करता होगा, उसका राशन कार्ड नहीं बनेगा। शासन की ओर से वित्तीय सहयता न मिलती हो, बिजली का बिल न आता हो, जीविकोपार्जन के लिए आजीविका का कोई साधन न हो, केवल उनका राशन कार्ड बनेगा। संजय सिंह ने कहा कि इस तरह के नियम बताते हैं कि यूपी सरकार की मंशा अब गरीबों को राशन देने की नहीं है। इसलिए उसने इस तरह के नियमों को जारी किया है।

आप सांसद ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में सरकार गरीबों को दिया जा रहा राशन भी छीनने जा रही है। वो राशनकार्ड धारकों के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर गरीबों के मुंह से निवाला छीनने में लगी है। यूपी में प्रशासन की तरफ से मुनादी पिटवाकर राशन कार्ड धारकों को अपने कार्ड को सरेंडर करने की बात कही जा रही है। संजय सिंह ने कहा कि यूपी की भाजपा सरकार ने हद पार कर दी है।

## भाजपा सरकार का जनहित से कुछ लेना देना नहीं :अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार का जनहित और जनसमस्याओं से कुछ लेना देना नहीं है। विकास की अनदेखी और गांव.गरीब के प्रति घोर उपेक्षाभाव के चलते प्रदेश आज अनेक समस्याओं से जूझ रहा है। समय से तैयारी न करने के फलस्वरूप भाजपा सरकार में लोगों पर मुसीबतों के पहाड़ टूट रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि 100 दिन में महंगाई कम करने का वादा करने वाली भाजपा सरकार में महंगाई ने सारे रिकार्ड तोड़ दिये हैं। भाजपा की डबल इंजन सरकार के राज में खुदरा और थोक महंगाई दर 30 साल से सबसे ज्यादा है। रूपये की हालत रोज.ब.रोज खस्ता हो रही है। लोगों की आय से कई गुना खर्च बढ़ गया है। पूरी अर्थव्यवस्था सरकार के नियंत्रण से बाहर चंद पूंजीघरानों के नियंत्रण में चली गई है। भाजपा सरकार पूंजीपतियों के हितों का संरक्षण बिना किसी संकोच के कर रही है जबकि जनता महंगाई से त्राहि-त्राहि कर रही है।

## सेतु निगम को पहुंचाई जा रही आर्थिक क्षति: संतोष कुमार

● यूपी राज्य सेतु निगम संयुक्त कर्मचारी परिषद अधिकारियों की मनमानी के खिलाफ मोर्चा खोलने को तैयार



**फायनिय समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** राज्य सेतु निगम संयुक्त कर्मचारी परिषद की कार्य समिति ने शनिवार को उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के अधिकारियों पर जबरदस्त हमला बोला। कर्मचारी परिषद के पदाधिकारियों ने एक स्वर में राज्य सेतु निगम के अधिकारियों को आगाह किया कि यदि विभाग में नियम विरुद्ध किए जा रहे कार्यों को न रोका गया तो हम आंदोलन की भूमिका में आ जाएंगे। निगम प्रबंधन द्वारा इकाइयों के कार्य आवंटन में मनमानी यथा निगम की सबसे पुरानी इकाई सेतु निर्माण इकाई . प्रथम तथा यांत्रिक इकाई प्रथम में कार्यों का शून्य हो जाना शासनादेशों की धज्जियाँ उड़ाते हुए एक ही स्थान (सीट) पर वर्षों से रसूखदार कार्मिकों के काबिज रहने की मोनोपॉली पर आक्रोश व्यक्त करते हुए शनिवार को यूपी राज्य सेतु निगम संयुक्त कर्मचारी परिषद की कार्य समिति की बैठक यूनियन कक्ष ऐशबाग आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के केन्द्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार श्रीवास्तव ने की। बैठक में चर्चा के दौरान प्रतिमाह भारी संख्या में सेवानिवृत्त के सापेक्ष नई भर्तियां न किये जाने से कार्यरत कार्मिकों पर कार्य का अत्यधिक बोझ तथा कार्यों की प्रभावित हो रही गुणवत्ता पर चिंता व्यक्त की गयी । बैठक की अध्यक्षता कर रहे संतोष कुमार ने बताया कि इकाई स्तर पर निगम कार्मिकों को फालतू दिखाकर मन चाहे तरीके से बाहरी कार्मिकों की अवैधानिक भर्ती कर निगम को आर्थिक क्षति पहुँचायी जा रही है । बैठक के दौरान परिषद के जनपद लखनऊ के शाखा अध्यक्ष शिव कुमार ने बताया कि शासन द्वारा स्वीकृत पदों पर शीघ्र ही भर्ती तथा आउट सोर्सेस से भर्ती के स्थान पर संविदा कार्मिकों की भर्ती हेतु निगम प्रबंधन तथा शासन को पत्र लिखने का भी निर्णय लिया गया। केन्द्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि निगम प्रबंधन की मनमानी तथा कर्मचारियों की समस्याओं पर प्रभावी रणनीति बनाने के लिए 30 मई 2022 को आम सभा बुलाने का भी निर्णय लिया गया।

## केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से मिले औद्योगिक विकास मंत्री नंदी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने आज दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले और कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री ने उत्तर प्रदेश में वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट के तहत चयनित उद्योगों एवं उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित एवं प्रसारित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर विस्तृत चर्चा की। मंत्री नन्दी ने केंद्रीय मंत्री को उत्तर प्रदेश में उद्योगपतियों/ व्यापारियों एवं वैश्य समाज के लोगों को पार्टी व सरकार की नीतियों से अवगत कराने और उनको व्यापक पैमाने पर विचारधारा से जोड़ने के लिए प्रत्येक जिले में सम्मलेनों के आयोजन पर विस्तृत चर्चा कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। जिस पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अपनी सहमति जताई। 23 से 25 मई तक दावोस में आयोजित होने वाले विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यू ई एफ) में भारतीय दल का नेतृत्व करने जा रहे केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश विकास के रास्ते पर बढ़ रहा है।

## बीडीओ के खिलाफ जांच कर चार्जशीट देने के एसडीएम को निर्देश

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

● कमिश्नर रंजन कुमार ने मोहनलालगंज तहसील समाधान दिवस में की जनसुनवाई

**शिकायत** लेकर भटक रहे फरियादियों को न्याय दिलाने में लापरवाही बरत रहे अधिकारियों की शनिवार को कमिश्नर रंजन कुमार के सामने कलई खुल गई। मोहनलालगंज तहसील पहुंचे कमिश्नर रंजन कुमार को एडीओ पंचायत और बीडीओ नदारद मिले। पूछताछ में पता चला कि बीडीओ ने छुट्टी ले रखी है लेकिन चार्ज देख रहे अधिकारी तहसील समाधान दिवस के बजाए दखिना में अमृत सरोवर का भूमि पूजन करा रहे हैं। नाराज कमिश्नर ने सीडीओ अश्विनी कुमार पाण्डेय को फ ोन कर ब्लाक आधिकारियों के रवैये पर गहरी नाराजगी जताई। सिसेण्डी के ओंकार सिंह ने कमिश्नर से खड़ंजा खोदकर अवैध कब्जा कर लिए जाने की शिकायत दर्ज कराई। कमिश्नर ने पड़ताल कराई तो पता चला कि ब्लाक अधिकारियों ने पुलिस की मदद से अवैध कब्जा खाली कराने के बजाए मामले को लटका रखा है। जिस पर कमिश्नर ने फटकार लगाकर फ ौरन कार्रवाई की हिदायत दी। गौरियाखुर्द निवासी राजकरन ने कमिश्नर रंजन कुमार को बताया कि उन्होंने गांव में रास्ते और नाली निर्माण कराने की मांग की तो ब्लाक अधिकारियों ने पंचायत में विकास कार्य चलने की रिपोर्ट देकर दूसरे गांव के फोटो दर्शा दिए। शिकायत पर समाधान के बजाए लापरवाही बरतने को लेकर कमिश्नर का पारा चढ़ गया उन्होंने एसडीएम शुभी सिंह को पूरे मामले की जांच सौंपकर बीडीओ को चार्जशीट देने के निर्देश दिए।

### अवैध वसूली करने वालों पर एफआईआर दर्ज कर भेजें जेल

कमिश्नर रंजन कुमार से भाजपा मीडिया सेल के जिला संयोजक अशोक तिवारी ने मोहनलालगंज नगर पंचायत में शहरी आवास योजना के लाभार्थियों से अवैध वसूली की शिकायत की। शिकायत को गंभीरता से लेकर कमिश्नर ने ईओ विनय कुमार द्विवेदी से लाभार्थियों की सूची मंगवाई और पचास लाभार्थियों के घर जाकर उनका बयान दर्ज करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने अवैध वसूली करने वालों पर एफआईआर कराकर जेल भेजने के निर्देश दिए।

### पैमाइश के मामले फास्ट ट्रैक में निपटाएं

नगराम के कटरा की रहने वाली शकीला ने कमिश्नर रंजन कुमार से सभी पक्ष की सहमति के बाद भी जमीन की पैमाइश नहीं हो पाने की शिकायत दर्ज कराई। कमिश्नर ने एसडीएम शुभी सिंह इस मामले का फौरन निराकरण कराने के निर्देश दिए। कमिश्नर रंजन कुमार ने एसडीएम से ऐसे सभी मामले जिनमें सभी पक्ष पैमाइश पर सहमत हों को फास्ट ट्रैक कोर्ट की तर्ज पर बिना देर किए निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा तय शुल्क जमा कराकर ऐसे मामलों में लोगों को त्वरित न्याय दिलाया जाना चाहिए।

## बीमार अयोध्या प्रसाद को बलरामपुर अस्पताल में मिली भर्ती

**मोहनलालगंज।** बिस्तर पर पड़े बीमार अयोध्या प्रसाद को स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की पहल पर शनिवार को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती करा दिया गया। पायनियर ने बीमार अयोध्या प्रसाद का तंगहाली की वजह से इलाज ठप होने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। सीएमओ डॉ0 मनोज अग्रवाल के निर्देश पर अयोध्या का इलाज शुरु हो गया है। उधर एसडीएम शुभी सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से अयोध्या के इलाज में आने वाले खर्च का एस्टीमेट मांगा है।

मोहनलालगंज के नन्दौली गांव निवासी अयोध्या प्रसाद के इलाज में परिवार की सारी गृहस्थी बिक चुकी है। पत्नी विमला घर का राशन तक बेंचकर इलाज में लगा चुकी है। तंगहाली में बीस दिन से अयोध्या प्रसाद का इलाज ठप था।

बिस्तर पर पड़े बीमार अयोध्या की हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी। परिवार की बेबसी को लेकर पायनियर में प्रकाशित खबर का स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन ने संज्ञान लेकर अयोध्या प्रसाद का इलाज शुरु करा दिया है। शनिवार को एसीएमओ डॉ0 अनूप पाण्डेय के निर्देश पर सीएचसी अधीक्षिका डॉ0 ज्योति कामले ने बीमार अयोध्या प्रसाद को एम्बुलेन्स से बलरामपुर अस्पताल भेजकर भर्ती करा दिया।


**कॉन्टीनेन्टल केमिकल्स लिमिटेड**
सीआईएन : एल24123यूपी1984पीएलसी01411
पंजीकृत कार्यालय : ए-7, सेक्टर-7ए नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश,
फोन : 91-120-2423316, ई-मेल : info@continentalsoft.com, nkc@ continentalsoft.com वेब: www.continentalchemicalsltd.com

31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम

(रू. लाख में, सिवाय ईपीएस)

| क्र. सं. | विवरण | 31.03.2022 को समाप्त 3 माह (लेखापरीक्षित) | 31.03.2021 को समाप्त 3 माह (अलेखापरीक्षित) | 31.03.2021 को समाप्त 3 माह (लेखापरीक्षित) | 31.03.2022 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित) | 31.03.2021 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से आय | 18.34 | 35.13 | 38.73 | 104.07 | 96.80 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | (8.26) | 4.14 | 12.44 | 7.06 | 16.60 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (8.26) | 4.14 | 12.44 | 7.06 | 16.60 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | (9.20) | 4.67 | 9.97 | 5.99 | 14.34 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | (9.08) | 4.79 | 10.20 | 6.36 | 14.54 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 224.90 | 224.90 | 224.90 | 224.90 | 224.90 |
| 7 | संचेय (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर जैसाकि पिछले वर्ष के तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | - | - | - | - | - |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक) (जारी और बंद प्रचालनों के लिए) मूल : | (0.41) | 0.21 | 0.44 | 0.27 | 0.64 |
| | तनुकृत : | (0.41) | 0.21 | 0.44 | 0.27 | 0.64 |

नोट्स :
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए हैं और तद्द्वारा निदेशक मंडल द्वारा 21-05-2022 को सम्पन्न इसकी बैठक में अभिलेखबद्ध किए गए हैं।
2. पूर्व अवधि के आंकड़े उनको चालू अवधि के आंकड़ों के साथ तुलनीय बनाने के लिए पुनर्समूहित/पुनर्वर्गीकृत किए गए हैं, जहां आवश्यक समझा गया है।
3. कम्पनी ने अब तक फैल रही कोविड-19 वैश्विक महामारी के सम्पत्ति, प्लाण्ट एवं इक्विपमेंट, निवेशों, मालसूचियों, व्यापार प्राप्यों इत्यादि की वहन राशियों पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों पर विचार किया है। इस उद्देश्य हेतु, कम्पनी ने वित्तीय परिणामों के अनुमोदन की तिथि तक सूचना के आंतरिक और बाह्य स्रोतों को ध्यान में रखा है, जिसमें क्रेडिट रिपोर्ट्स और संबंधित सूचना, आर्थिक पूर्वानुमान, कतिपय निवेशों का बाजार मूल्य इत्यादि सम्मिलित हैं। वर्तमान अनुमानों के आधार पर, कम्पनी को ऐसे वहन मूल्यों पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की आशा नहीं है। कम्पनी के वित्तीय विवरणों पर कोविड-19 का प्रभाव, वित्तीय परिणामों के अनुमोदन की तिथि को लगाए गए अनुमान से भिन्न हो सकता है।
4. ये परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अधीन निर्धारित कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 (आईएनडी एएस) और यथासंभव अन्य मान्य लेखांकन पद्धतियों एवं नीतियों के अनुसार तैयार किए गए हैं।
5. कम्पनी केवल एक खंड में प्रचालन करती है।

बोर्ड के लिए तथा उसकी ओर से
कॉन्टीनेन्टल केमिकल्स लिमिटेड
हस्ता./-
(नरेश कुमार चिब्बा)
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00376963

स्थान : नोएडा
तिथि : 21-05-2022


# पेज एक का शेष

### पेट्रोल 9.5...

इसे खरीद पाना खासा मुश्किल हो गया था। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाने और गैस सब्सिडी देने के इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने माइक्रो ब्लॉगिंग मंच ट्विटर पर जारी संदेश में इन फैसलों की घोषणा की। पिछले कुछ महीनों में पेट्रोल एवं डीजल की कीमतें बढ़ने के अलावा रसोई गैस की कीमतें भी लगातार बढ़ी हैं। इसकी वजह से लोगों के बजट पर बुरा असर पड़ रहा था। इसको देखते हुए तमाम जानकार एवं विपक्षी दल ईंधन कीमतों में कटौती की मांग कर रहे थे। आर्थिक विशेषज्ञों का कहना था कि पेट्रोल एवं डीजल के दाम बढ़ाने से जरूरी चीजों का भी आवागमन महंगा हो गया है जिससे उनके दाम बढ़ गए हैं। इसका असर थोक एवं खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों में आई तेजी के रूप में भी देखने को मिला। बढ़ती महंगाई पर काबू पाने के लिए रिजर्व बैंक को भी रेपो दर में 0.40 प्रतिशत की बढ़ोतरी करनी पड़ी है।

### ठेका-पट्टा...

काफी हद तक जीता है और आज 95 प्रतिशत तक दिमागी बुखार से मौतों पर नियंत्रण स्थापित किया है। योगी ने कहा कि नकारात्मकता किसी जनप्रतिनिधि को कभी आगे नहीं बढ़ा सकती है। मैंने हमेशा देखा है, मैंने इस चुनाव में भी देखा कि एक सदस्य छोटी-छोटी बातों को लेकर जाम करते थे। विकास की कोई योजना आती तो भी धरना प्रदर्शन करते थे। विधानसभा का जिस दिन परिणाम आया, मैंने कहा उस क्षेत्र का परिणाम बताओ तो पता चला कि वे चौथे नंबर पर थे। सीएम ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में व्यक्ति का धैर्य, शालीनता हमेशा उसको आगे बढ़ाता है। उसका उतावलापन, उसका ठेकेपटटे के प्रति अनुराग, उसका हर एक मामले में हस्तक्षेप करना, हमेशा उसके पतन की ओर लेकर जाता है। उन्होंने कहा कि जितने उद्दंडता करने वाले लोग थे वे सब लुढ़कते चले गए तथा जनता जनार्दन सबकी छुट्टी करती चली गई।

### ज्ञानवापी में...

रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही जमानत राशि जमा करने पर राहत दी। अदालत ने कहा कि उनकी पोस्ट निंदनीय थी, लेकिन यह समुदायों के बीच घृणा को बढ़ावा देने के प्रयास का संकेत नहीं देती। न्यायालय ने लाल को निर्देश दिया कि विवाद के संबंध में सोशल मीडिया पर कोई भी पोस्ट करने या साक्षात्कार देने से परहेज करेंगे। लाल को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 ए (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देना और सद्भाव बिगाड़ने का कृत्य करना) और 295 ए (धर्म का अपमान कर किसी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर ठेस पहुंचाना) के तहत दिल्ली पुलिस द्वारा शुक्रवार रात गिरफ्तार किया गया था।

### ओमप्रकाश चौटाला...

उनके बेटे अजय को भी 2013 में एक शिक्षक भर्ती घोटाले में भ्रष्टाचार का दोषी पाए जाने के बाद दस साल के कारावास की सजा सुनाई गई थी। अब 87 साल के ओपी चौटाला को जुलाई 2021 में जेल से रिहा किया गया था।

### भाजपा ने...

बड़ी परेशानी में होंगे। हमारे देश के संस्थागत ढांचे को कुचल दिया गया है। गांधी ने यह भी कहा कि भाजपा का मीडिया पर 100 प्रतिशत और संचार तथा संस्थागत ढांचे पर व्यापक नियंत्रण है। इसी के सहारे वह चुनाव जीत रही है। वह हम उनके पास मौजूद कोष की बराबरी नहीं कर पाएंगे, हमें संचार और वित्तीय मदद के बारे में बिलकुल नए तरीके से सोचना होगा।

### उदयपुर में...

कहा कि हमें विपक्ष में अपने दोस्तों के साथ समन्वय करना होगा। मैं कांग्रेस को सर्वेसर्वा के रूप में नहीं देखता। यह विपक्ष के साथ सामूहिक प्रयास है, लेकिन यह भारत को फिर से हासिल करने की लड़ाई है। कांग्रेस ने शनिवार को संबंधित कार्यक्रम का वीडियो जारी किया। इसमें गांधी ने कहा कि मैंने उदयपुर में जो बात कही, जिसे गलत समझा गया।

### कांग्रेस नेता...

जिसमें राहुल गांधी ने कहा था कि सत्तारूढ़ दल ने पूरे देश में मिट्टी का तेल फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि बस आपको एक चिंगारी की जरूरत है और पूरा देश बड़ी परेशानी में होगा। भाटिया ने कहा कि यह वही कांग्रेस है जो 1984 के सिख विरोधी दंगों के बाद से दंगा भड़काने के लिए मिट्टी का तेल देश में फैलाया था। भाजपा प्रवक्ता ने राहुल गांधी को एक निराशाजनक कांग्रेस का अंशकालिक, अपरिपक्व, असफल नेता करार देते हुए आरोप लगाते हुहए कहा कि उन्होंने अमेरिका, ब्रिटेन और सिंगापुर जैसे विदेशी धरती पर अक्सर नकारात्मक बात की है।

### कांग्रेस की...

संपादकीय पर कांग्रेस का रवैया नाराजगी भरा रहा। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा, कांग्रेस एक विचार है और कई लोग आए और गए। कौन कांग्रेस छोड़ रहा है और कौन शामिल हो रहा है, इस पर विचार करने की बजाय लोगों को देश के ज्वलंत मुद्दों के बारे में सोचना चाहिए।

### ऑस्ट्रेलिया के...

पार्टी ने पेसिफिक डिफेंस स्कूल स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है जिसमें पड़ोसी देशों के सैनिकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। लेबर पार्टी ने 2050 तक ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन में 43 प्रतिशत की कटौती के साथ जलवायु परिवर्तन के मोर्चे पर भी अपना रुख जाहिर किया है।

### जम्मू-कश्मीर...

बाद यह सूचित किया जाता है कि खूनी नाले के पास सुरंग नहीं ढहा है। बृहस्पतिवार रात को सुरंग के मुहाने पर भूस्खलन हुआ, जिसमें एक कंपनी के मजदूर काम कर रहे थे। बचाव अभियान जारी है। शुक्रवार को एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया था, जबकि दो स्थानीय लोगों सहित तीन अन्य लोगों को बचा लिया गया और उनकी हालत स्थिर है। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को कई घंटे की सघन खोजबीन के बाद एक और शव को बाहर निकाला गया। चट्टानों के नीचे से शव को निकालने में उन्हें दो घंटे से अधिक का समय लगा।

# KNN sanctions ₹ 70 lakh for rejuvenation of Kachua Talab

PIONEER NEWS SERVICE ■ KANPUR

The Kanpur Divisional Commissioner, Dr Raj Shekhar, while inspecting the 'Kachua Talab' an important old water body of Kanpur, said the long pending work of rejuvenation of the 'Kachua Talab' pending since 2017, due to umpteen unavoidable reasons, had been relaunched and the Kanpur Nagar Nigam had sanctioned a sum of ₹ 70 lakh to give further momentum to complete this prestigious project. He said all the pendling works will be accomplished in the next three months.

He said as per history this pond was part of the Shiva Temple and it dateed back to 350 years of history. He said it was also important water body for the consecration and breeding of the tortoise. He said it was also meant for breeding thousands of small and large tortoise. He said because of the loss of the water body and other issues, the number of tortoise had gone down and umpteen of them died because of water scarcity and pollution.

He the UP government had in year 2017 sanctioned a project of ₹ 2 crore in the year 2017 to Kanpur Nagar Nigam to rejuvenate this historic water body and to facilitate the breeding of the tortoise. He said from 2017 to 2020, a few works were taken up by Nagar Nigam to the tune of ₹ 1.7 crore till date but still the desired objectives were not met and the water body was not fully rejuvenated.

He said the work in this direction had taken off to rejuvenate the pond and added that the task assigned to the authorities was to carry out two metre deep digging and ensure the illumination of the area. He said in addition to this new public toilets one for male and one for female will be constructed and all the pending works will be completed. The caretaker and the temple priest told the Commissioner that this pond was historic and water was available throughout the year measuring three feet .



Divisional Commissioner, Dr Raj Shekhar inspecting the 'Kachua Talab' on Saturday. Pioneer

Dr Shekhar said curently there were two JCB machines working on the site. He said looking into the rains in the next two week, he directed the Kanpur Municipal Commissioner, to complete the earth digging work in the next 10 days by deploying two more JCB machines at the work site. He said the campus was huge, and was open with huge trees. He also directed the KMC to plant at least 100 huge trees in this coming monsoon season so that it will become a green belt so that its foliate can provide shelter from sun.

He said the need of a large water cooler to meet the drinking water requirements of the visitors and devotees to the temple and Kachua Talaab, Commissioner asked the KMC to install one large 1,000 litre water cooler in the next 15 days. He said KNN had also been directed to enure the repair and painting of the inner boundary on the talaab campus with uniform colour and design depicting the nature conservation messages. He also directed them to link the talab area with the additional road route on the opposite side of the Shiv temple .

The DC said currently there were two sources of water into the pond and one was rain water and second was the submersible pump newly installed by Nagar Nigam.

He said the KNN need to assess and take necessary steps to ensure two metres availability of water round the year in this pond so that the tortoise can breed and grow in big numbers. He also directed the KMC to hold consultations with environmentalists and marine animal experts to assess the number of tortoises available in the pond as of now and to take their help to increase the number of tortoises in comings days with an better conservation strategy.

**POWERLIFTER FELICITATED:** Gaurav Jaiswar of Sisamau assembly area was felicitated by colleagues for his shining the city's name by winning the gold medal in the national senior powerlifting championship held in Dalli Rajhara (Chhattisgarh) from May 11 to 15. Gaurav emerged victorious by lifting 530 kg in 59 kg weight category leaving behind the powerlifters of 22 states. Gaurav lifted 210 kg (squat), 105 kg (benchpress) and 215 kg (deadlift). On his returning to city, he was extended rousing welcome by his colleagues and senior trade union leader Rajesh Kumar Shukla at a feliciation ceremony organised here on Friday. On this occasion, secretary of UP Powerlifting Association Rahul Kumar Shukla, secretary of Kanpur Powerlifting Association Saurabh Kumar Gaur, Ritesh Singh, Aman Vardhan, Harsh Chaurasia, Shreya Singh and Sadab Ahmad also congratulated him.

# Seminar on digital dementia held

**KANPUR (PNS):** Dementia Awareness week was observed between May 15 and 21 to raise awareness and to help improve the lives of people with dementia, their families and careers. This year's theme was 'Let's Prevent, Care, Cure Dementia Together'. In three decades India will have 12 million people living with dementia. Dementia and alzheimer's and other related disorders global monitoring body had estimated that 5.5 million people above the age of 60 had dementia. This was informed by noted neurologist, Dr Ashwin Kumar while addressing a seminar on ' Digital Dementia' at Armapore Degree College on Saturday. He said dementia was an umbrella term used for impaired ability to remember, think, or make decisions that interfere with everyday activities. He said medical scientists apprehend the next pandemic to be related to digital dementia and the impact will be dangerous. He said this engendered the need to focus on modifiable factors and give speed to the society and healthcare system to face this dementia pandemic. Dr Kumar said this disease was common in people over 65 years but was also seen sometimes in younger people in their 50s he said the biggest cause of concern was the people tend to ignore early signs of dementia and most patients were brought for medical help when their disease was in advanced stages. He said that stress can cause amnesia or affect the memory adversely. He said a research carried out in Russia found that out of 10,000 mobile phone users over 71 per cent did not remember the phone number of even their children and their spouses. He said once they lost their smartphone they will tend to forget nearly all the essentials they need top remember. He said in the digital era 'digital amnesia' had raised its head menacingly and to claim that brains were fast losing their ability to remember as more and more people were relying on technology to retain data. He said distraction was one of the key factors that made memories more difficult to form. He said smartphone addiction can interrupt sleep and it was essential to have deep sleep to detoxify the brain. He said it was only when one were in deep sleep that the brain engaged in synaptic pruning—making room for new information by pruning old information. He said if one had interrupted sleep, synaptic pruning cannot take place, thus, impairing the ability to retain new information and form new memories.

कार्यालय परियोजना प्रबन्धक, निर्माण एवं परिकल्प सेवायें, (वि0यां0) नलकूप विंग, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) आर–16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)

पत्रांक 520/6901/विविध–3/(22)/16
दिनांक 19.05.2022

अल्पकालीन निविदा सूचना

उ0प्र0 जल निगम, की ओर से जनपद कानपुर में सीवर लाइन डालने के कार्य हेतु निविदाओं की बिक्री दिनांक **26.05.2022 से 02.06.2022** तक कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाए, वि/यॉ0, नलकूप विंग, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) आर–16, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर लखनऊ एवं कार्यालय प्रोजेक्ट मैनेजर, निर्माण एवं परिकल्प सेवाएं, वि0/यॉ0 नलकूप विंग–द्वितीय, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) 4/308, विनीत खण्ड गोमती नगर, लखनऊ से की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00 + 18% जी.एस.टी.(1000.00+180.00=1180.00) है। निविदा के कार्यो का विस्तृत विवरण जल निगम की वेबसाइट ***www.upjn.org*** से अथवा सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा सूचना**– निविदा विक्रय की तिथि 26.05.2022 से 02.06.2022 **अपरान्ह** 3.00 बजे तक। निविदा डालने की तिथि : 03.06.2022 **अपरान्ह** 3.00 बजे तक। निविदा खोलने की तिथि – 04.06.2022 **पूर्वान्ह** 11.00 बजे।

UPSIDA
**UTTAR PRADESH STATE INDUSTRIAL DEVELOPMENT AUTHORITY**
**A-1/4, LAKHANPUR, KANPUR - 208024**

**Notice for Public Objections/Suggestions on Layout Plan of Industrial Area Lakhimpur Kheri, Chhouch, District-Lakhimpur Kheri by which Industrial Plot No. G-5, G-6, G-7 & G-8 & IIDC, Kursi Road, District-Barabanki by which Industrial Plot No. E-65 & E-66 have been Amalgamated and created a new Plots No. G-5/8 (Area-1800.00 Sq.m.) & E-65/66 (Area-1092.60 Sq.m.).**

1 (a) The Amended part Layout Plan of **Lakhimpur Kheri, Chhouch & IIDC, Kursi Road** of the Uttar Pradesh State Industrial Development Authority (UPSIDA) situated in District-**Lakhimpur Kheri** & District-**Barabanki** have been prepared.
(b) A Copy thereof will be available for inspection at the Regional Manager Office of the Uttar Pradesh State Industrial Development Authority, HIG -66, Sector-E, Aliganj, District-Lucknow between 10:00 am to 5:00 pm on all working days till the date mentioned in Para 3 hereafter as well as website **www.onlineupsidc.com**
2 Objections and Suggestions are hereby invited with respect of the Draft amended Layout Plan.
3 Objections and Suggestions are shall be sent in writing to the office of Regional Manager UPSIDA at HIG-66, Sector-E, Aliganj, District-Lucknow within 15 days from the date of publication of this notice mentioning subject as **"Regarding Public Objections/ Suggestions on draft partial amendment in Layout Plan for Industrial Area Lakhimpur Kheri, Chhouch, Distt- Lakhimpur Kheri & IIDC Kursi Road, Distt-Barabanki"**.
Any person marking the Objections or Suggestions should also give his/her full name & address, Email id and contact number.

(Regional Manager)
U.P. State Industrial Development Authority

**CONTINENTAL CHEMICALS LIMITED.**
CIN - L24123UP1984PLC014111
REGISTERED OFFICE: A-7, SECTOR-7, NOIDA-201301, U.P
Tel : 91-120-2423316 Email: info@continentalsoft.com, nkc@continentalsoft.com, web: www.continentalchemicalsltd.com

**AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2022**
(Rs. In Lakh except EPS)

| Sl. No. | Particulars | 3 Months Ended 31.03.2022 (Audited) | 3 Months Ended 31.12.2021 (Unaudited) | 3 Months Ended 31.3.2021 (Audited) | Year ended 31.03.2022 (Audited) | Year ended 31.03.2021 (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Income from operations | 18.34 | 35.13 | 38.73 | 104.07 | 96.80 |
| 2 | Net Profit/ (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (8.26) | 4.14 | 12.44 | 7.06 | 16.60 |
| 3 | Net Profit/ (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (8.26) | 4.14 | 12.44 | 7.06 | 16.60 |
| 4 | Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (9.20) | 4.67 | 9.97 | 5.99 | 14.34 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) | (9.08) | 4.79 | 10.20 | 6.36 | 14.54 |
| 6 | Equity Share Capital | 224.90 | 224.90 | 224.90 | 224.90 | 224.90 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | - | - | - | - | - |
| 8 | Earnings Per Share (of Rs. 10/-each) | | | | | |
| | Basic : | (0.41) | 0.21 | 0.44 | 0.27 | 0.64 |
| | Diluted : | (0.41) | 0.21 | 0.44 | 0.27 | 0.64 |

**Notes:**
1 The above financial result are reviewed by audit committee and thereby have been taken on records by board of Director in their meeting held on 21.05.2022.
2 Previous period figures have been re-grouped/reclassified whenever necessary to make them comparable with the current period figures.
3 The Company has considered the possible effects that may arise out of the still unfolding COVID-19 pandemic on the carrying amounts of property, plant & equipment, investments, inventories, trade receivables, etc. For this purpose, the Company has considered internal and external sources of information up to the date of approval of the Financial Results including credit reports and related information, economic forecasts, market value of certain investments etc. Based on the current estimates, the Company does not expect any significant impact on such carrying values. The impact of COVID-19 on the Company's financial statements may differ from that estimated as at the date of approval of Financial Results.
4 These result have been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rule 2015 (Ind As) prescribed under Section 133 of the Companies Act 2013 and other recognised accounting practices and policies to the extent possible.
5 The company operates only in one segment

For and on behalf of the Board of
Continental Chemicals Limited
Sd/-
(Naresh Kumar Chibba)
Managing Director
DIN: 00376963

Place : Noida
Date : 21.05.2022

# Bithoor Dham to be developed on pattern of Akshardham temples

PIONEER NEWS SERVICE ■ KANPUR

Vice Chairman of Kanpur Development Authority (KDA) Arvind Singh reviewed the slide presentation on city development and vision plan. KDA officials and representative consultant firm were present at the meeting. After going through the slide presentation, he said the Bithoor Dham would be developed on the pattern of Akshardham temples in Delhi and Gandhi Nagar (Gujarat). Bithoor Dham would also be developed as a tourist hub. Instead of Metropolitan city, Kanpur would now be developed as Aerotropolis City, he added. This would facilitate the increase in number of tourists and promote big traders to set up their establishments here, thereby enhancing the employment opportunities.



KDA Vice Chairman Arvind Singh reviews the slide presentation of city development and vision plan. Pioneer

Singh said keeping in view the year 2051, the work on preparing the vision plan was on to make Kanpur shine on national level for its industrial and commercial activities. He also discussed on developing the proposed Chakeri area as Aerotropolis City where the place for setting up offices of prominent departments, hotels, private companies, IT Sector etc. would be allotted. It may be recalled that under the Aerotropolis City, the basic infrastructure of the city, land use and economic activities were centralised at the airport. The operation of airport and various other relevant activities were considered to be the part of Aerotropolis.

**MASTER PLAN 2031**: The last date for submitting the objections and suggestions on Master Plan 2031 has been extended to May 26. Exhibition of the Master Plan and its hardcopy were available at KDA office compound, Collectorate compound, Nagar Panchayat office compound, Bithoor; Nagar Palika office campus, Shuklaganj (Unnao) and KDA office, Akbarpur-Mati (Kanpur dehat). People can submit their objections/suggestions by post or at the office of City Planner, KDA, Motijheel, up to 5 pm on May 26.

**PRADHIKARAN DIVAS ORGANISED:** In a bid to establishing face-to-face contact between the officials and the masses, Kanpur Development Authority (KDA) organised a 'Pradhikaran Divas' on Thursday.

Of the 16 applications/grievances received by KDA, five were resolved on the spot, while for the remaining, officials concered were directed to dispose of them within stituplated time. Vice Chairman Arvind Singh himself heard the problems of general people and allottees and directed the officials for timely disposal of the same. Most of the complaints were relating to unauthorised possession, freehold, registration, mutation, refund and layout etc. On this occasion, Vice Chairman Arvind Singh issued clear instructions that officials should ensure the timely disposal of the complaints to prevent applicants/allottees from facing unnecessary problems and tarnishing the image of KDA.

# Limited access to health care impacting management of hypertension: Doc

PIONEER NEWS SERVICE ■ KANPUR

For the past many years hypertension and diabetes were the primary cause of kidney disease. It was true that majority of patients diagnosed with kidney failure had diabetes. Most of the patients with chronic kidney disease had a prior diagnosis of hypertension. Blood pressure treatment and control were better among individuals without CKD during all periods. Limited access to health care was impacting the management of hypertension.

This was stated by the noted kidney transplant surgeon of Medanta Lucknow, Dr RK Verma while addressing the CME organised by the IMA-Kanpur on Saturday at Loft Halls, Ganges Club. He said it was essential that the medical fraternity need to reach and educate patients who were at risk or already had high blood pressure and were unaware. He said unchecked hypertension not only harmed the kidneys but lead to cardiovascular disease, stroke, myocardial infarction, heart failure, peripheral vascular disease.

He said high blood pressure can constrict and narrow the blood vessels, which eventually damaged and weakens them throughout the body, including in the kidneys as the narrowing reduced blood flow. He said if ones kidneys blood vessels were damaged, they may no longer work properly and if this happened the kidneys were not able to remove all wastes and extra fluid from the body. He said this extra fluid in the blood vessels can raise blood pressure even more, creating a dangerous cycle, and cause more damage leading to kidney failure.

Dr Verma said high blood pressure was the second leading cause of kidney failure. He said blood pressures tended to increase with age and the blood vessels naturally thickened and stiffened over time. He said high blood pressure tended to run in families. He said mainly unhealthy lifestyle habits as eating too much sodium (salt), drinking too many alcoholic beverages, or not being physically active can increase risk of high blood pressure.

Discussing the symptoms he said high blood pressure did not have any symptoms but in some cases it caused headaches. He said similarly CKD also may not have symptoms as kidney disease got worse, some people may have swelling, called edema which happened when the kidneys cannot get rid of extra fluid and salt and it can occur in the legs, feet, ankles, hands or face. He said the initial indications were loss of appetite, nausea, or vomiting drowsiness, feeling tired, or sleep problems, headaches or trouble concentrating increased or decreased urination, muscle cramps, chest pain or shortness of breath.

The second session was taken up by Dr Ravi Shanker of Medanta, Lucknow where he discussed the 'Recent advances in stroke management'. He said the most significant advance in acute stroke therapy was the use of intravenous tissue plasminogen activator, (T-PA) for treatment of patients with ischemic stroke within three hours of symptom onset. He said T-PA was currently the only approved stroke treatment. He said until recently,(r-tPA) was the only acute ischemic stroke treatment. He said the introduction of advanced endovascular treatment approaches further expanded this treatment window in select patients to up to seven hours from symptom onset.

He said rapid assessment of suspected stroke patients to determine eligibility for these treatments, therefore, remained a critical step. He said systems and processes to efficiently identify suspected stroke patients as early as possible and rapidly deliver acute reperfusion therapy were now commonplace.

He said recent technological advances using telestroke and mobile stroke units in the prehospital setting have increased r-tPA utilisation and reduced delays to treatment. He said the most effective treatment for acute ischemic stroke was timely reperfusion of the causative vessel occlusion via r-tPA and/or mechanical thrombectomy.

The vote of thanks was delivered by the president, Dr Brijendra Shukla. Prominent present were Dr AC Agarwal, Dr Archana Bhadauria and several others.

# Inculcate habit of less intake of salt

PIONEER NEWS SERVICE ■ KANPUR

Most of us know that eating too much sodium (salt) is not good for our health, but we often th'ink this is something we should be more concerned about as we get older. But, doctors at Regency Super-speciality Hospital, Kanpur have warned people that one should inculcate the habit of less intake of salt from their teens only and in fact the best way to do it is removing the salt bottle from the dining table because when people see the salt on the table they tend to put it on the food even if it is not needed. Addressing mediapersons, Dr Abhinit Gupta, Consultant-Intervention Cardiologist, Regency Hospital, said high blood pressure is often called the 'silent killer' because most people who have it don't have any symptoms. And that silence can be deadly. High blood pressure can lead to a host of serious problems, including heart attack, heart failure and stroke. He said, 'Increasing production of more and more processed food, rapid urbanisation, and changing lifestyles are transforming our dietary patterns in a major way. Highly processed foods are increasing in availability and becoming more affordable. People are consuming more these energy-dense foods that are high in saturated fats, trans fats, sugars, and salt. Salt is the primary source of sodium and increased consumption of sodium is associated with hypertension and increased risk of heart disease and stroke. There are various tips to manage hypertension like physical exercising, eating healthy but one of the most effective method is reducing salt intake. If your family regularly uses table salt and salty sauces, removing them from the table will help to reduce your reliance on using sauces to add flavour to meals. Even when you are going out to eat in a restaurant, you should ask the server to remove salt from the table so that you can avoid putting it in your food at all. This is a simple but plays a huge step in the management of hypertension'.

Eating too much salt during childhood increases blood pressure which tracks into adulthood and later life, increasing risk of heart disease and stroke.

Ideally, the maximum daily amount of salt recommended for adults from all food sources is about 6 grams, which is equivalent to 1 teaspoon per day.

**GOVERNMENT OF ODISHA**
**OFFICE OF THE CHIEF CONSTRUCTION ENGINEER**
**RURAL WORKS CIRCLE,BALASORE**
O-301
**No:- 1613 /WE, Dt:- 19.5.2022**
e-procurement Notice

1. Name of the Work:- "Building Work."
2. Estimated Cost:- **Rs. 435.40 Lakh** (Approximate)
3. Time for completion:- 15 (Nine) Calender Months including rainy season
4. No of Work:- 1 (One) Nos
5. Summary for key dates is provided below:-

| Procurement Officer | Bid Identification No. | Availability of Tender on-line for bidding | | Last Date & Time of seeking Tender Clarification | Date & Time of opening of Tender | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | From | To | | Technical Bid | Financial Bid |
| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | 6 |
| Chief Construction Engineer Engineer, Rural Works Circle, Balasore | N.C.B. No.- 334 | Dt.26.05.2022 at 11.00 A.M. | Dt.09.06.2022 up to 5.00 P.M. | Dt.08.06.2022 up to 5.00 P.M. | Dt.10.06.2022 at 9.00 AM. | Will be intimated latter |

Further details can be seen from the website www.tendersodisha.gov.in
Any other changes/Corrigendums may be seen only in website www.tendersodisha.gov.in

S/d:-Er.S.K. Mishra
Chief Construction Engineer,
Rural Works Circle,Balasore

OIPR-25105/11/0012/2223